CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 178 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 20 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## आधी आबादी के सशक्तिकरण से ही होगा समग्र विकास : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**भीलवाड़ा फोकस @ धौलपुर।**

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धौलपुर के पचगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण से ही समग्र विकास का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को राष्ट्रीय प्रगति का आधार बनाया गया है। उज्जवला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि, जनधन खाते और लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं का आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19 लाख से






अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर 12 लाख लखपति दीदी बनाई गई हैं, जबकि लाडो प्रोत्साहन योजना से 4.60 लाख बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं।

शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट व 65 एंटी रोमियो स्क्वॉड गठित किए गए हैं, जिससे महिला अपराधों में कमी आई है। धौलपुर जिले में 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, जल जीवन मिशन के तहत हजारों नल कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा, पेयजल व सिंचाई से जुड़े कई कार्य किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने केवल दो वर्षों में पूर्ववर्ती सरकार के पांच वर्षों से अधिक कार्य किए हैं। इस दौरान 89 हजार विद्यार्थियों को टैबलेट-लैपटॉप, लगभग 40 हजार छात्राओं को स्कूटी और लाखों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत डीबीटी के माध्यम से हजारों करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों को हस्तांतरित की तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी का शुभारंभ किया, जिससे राजस्थान देश का पहला राज्य बना जहां लोग दूसरे राज्यों में भी कैशलेस इलाज करा सकेंगे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मनरेगा का मूल स्वरूप बदला गया, श्रमिकों पर सीधा प्रहार : टीकाराम जूली

### बजट आधारित रोजगार से खत्म होगी योजना की आत्मा, केंद्र पर लगाए गंभीर आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मनरेगा को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मनरेगा का केवल नाम नहीं बदला, बल्कि उसकी पूरी मूल संरचना को ही बदल दिया है, जिससे यह श्रमिक केंद्रित योजना अब बजट केंद्रित बनकर रह गई है।

जूली ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत मांग के आधार पर श्रमिकों को रोजगार मिलता था, लेकिन नए प्रावधानों के तहत अब बजट के अनुसार रोजगार दिया जाएगा, जिससे योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा से देश में लगभग 12 करोड़ लोगों को रोजगार मिलता रहा है और कोरोना काल में इस योजना ने करोड़ों श्रमिक परिवारों को संबल दिया था। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस योजना पर बड़ा प्रहार करते हुए राज्य सरकारों पर भी वित्तीय बोझ डाल दिया है। पहले मनरेगा का पूरा बजट केंद्र सरकार वहन करती थी, लेकिन नए बिल के बाद राज्यों को भी अपने संसाधनों से योजना को संचालित करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि योजना में दो महीने की पाबंदी और फसल कटाई के समय रोजगार न देने जैसे प्रावधान जोड़कर इसे श्रमिक विरोधी बना दिया गया है।

जूली ने प्रदेश सरकार पर हर क्षेत्र के वाणिज्यीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर हर व्यवस्था को लाभ और मुनाफे के नजरिये से देखा जाएगा, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ भी नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि हम इस सोच को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर भी केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के कारण लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है, लेकिन सरकार केवल अस्थायी उपाय कर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। ऑड-ईवन और आंशिक प्रतिबंधों से कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आए हैं और आज भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हालात इतने खराब हैं, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकार को जनता के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि केवल दिखावटी कदम उठाने चाहिए।

## छात्रसंघ चुनाव पर हाईकोर्ट का अहम फैसला

### चुनाव अधिकार है, लेकिन शिक्षा से ऊपर नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर दायर याचिकाओं का निस्तारण करते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि छात्रसंघ चुनाव छात्रों का संवैधानिक अधिकार जरूर है, लेकिन यह अधिकार शिक्षा के अधिकार से ऊपर नहीं हो सकता। साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि चुनाव कराए जाने की स्थिति में मतपेटियां कॉलेज परिसरों में न रखी जाएं।

जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने जय राव एवं अन्य की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आगामी 19 जनवरी को बैठक कर अगले शैक्षणिक सत्र के लिए छात्रसंघ चुनाव कराने की रूपरेखा तय करे। यदि चुनाव नहीं कराने का निर्णय



लिया जाता है तो उसके ठोस और कारणयुक्त आधार स्पष्ट किए जाएं। अदालत ने उल्लेख किया कि उसने 14 नवंबर को इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शांतनु पारीक ने दलील दी कि छात्र प्रतिनिधि चुनना छात्रों का मौलिक अधिकार है और राज्य सरकार द्वारा चुनाव नहीं कराना इस अधिकार का हनन है। उन्होंने लिंगदोह समिति की रिपोर्ट और पूर्व न्यायिक निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि छात्रसंघ चुनाव हर वर्ष और सत्र प्रारंभ होने के छह से आठ सप्ताह में कराए जाने चाहिए।

याचिकाकर्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि हाईकोर्ट की तीन सदस्यीय खंडपीठ पूर्व में यह स्पष्ट कर चुकी है कि राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी केरल राज्य बनाम काउंसिल ऑफ प्रिंसिपल्स कॉलेज मामले में छात्रसंघ चुनाव को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया है।

वहीं राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने याचिकाओं पर आपत्ति जताते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को पहले डीन स्टूडेंट वेलफेयर के समक्ष जाना चाहिए था। उन्होंने दलील दी कि छात्रसंघ चुनाव कराना संवैधानिक रूप से बाध्यकारी नहीं है और न ही इसमें भाग लेना मौलिक अधिकार है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के नौ विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं ने इस सत्र में चुनाव नहीं कराने की सिफारिश की है तथा सेमेस्टर शुरू हुए काफी समय बीत जाने के कारण अब चुनाव संभव नहीं है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद यह संतुलित रुख अपनाया कि छात्रसंघ चुनाव एक अधिकार है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था की निरंतरता और अनुशासन से समझौता नहीं किया जा सकता।

## डंपर की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल छोटी बिजौलिया निवासी युवक महेश पुरी की जयपुर स्थित फोर्टिस अस्पताल में गुरुवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। महेश पिछले 12 दिनों से वेंटिलेटर पर भर्ती था। जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को महेश पुरी अपने मित्र विनय धाभाई के साथ बाइक से तिलस्वांनाथ दर्शन के लिए जा रहा था। सांगरीया के पास सामने से तेज गति और गलत दिशा में आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महेश के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि उसका साथी भी घायल हो गया। दोनों घायलों को पहले कोटा और बाद में महेश को गंभीर अवस्था में जयपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। महेश अकाउंट्स का कार्य करता था और अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बाइक चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीमगंज थाना पुलिस ने थाना सर्किल क्षेत्र में हुई बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की है।

कार्रवाई थानाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी एवं परंपरागत पुलिसिंग का सहारा लेते हुए जुनावास क्षेत्र से बाइक चोरी करने वाले आरोपियों मोहम्मद हफीज अंसारी एवं बबलु



उर्फ टीपू सिलावट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बीती 18 दिसंबर को धीरज सोनी निवासी जुनावास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे उसके घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी। सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को चिन्हित कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया तथा चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। मामले में आगे अनुसंधान जारी है। पुलिस के बताया कि आरोपी मोहम्मद हफीज के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में चोरी एवं अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज माँडलगढ़ दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जिले के मॉडलगढ़ क्षेत्र का दौरा करेंगे। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मॉडलगढ़ में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा हेलीकॉप्टर द्वारा मॉडलगढ़ पहुंचेंगे तथा शिविर में भाग लेकर आमजन की समस्याओं की जानकारी लेंगे। साथ ही वे जिले में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

# नाबालिग के अपहरण व धमकी मामले में एक माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण, दुष्कर्म की मंशा एवं जान से मारने की धमकी के मामले में एक माह से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दीपक कुमार रेगर उर्फ मनराज रेगर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया की बीती 17 नवंबर की रात पीड़ित बालिका दुकान से बाहर गई थी, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। बाद में एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति बालिका को दुकान के सामने उतारकर चला गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर गणेश बाग क्षेत्र में ले गया और घटना की जानकारी परिवार को देने पर जान से मारने की धमकी दी।

मामले में थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। गंभीरता को देखते हुए लगातार दबिश देकर एक माह से फरार आरोपी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी से आगे अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी के साथ कांस्टेबल शिवप्रकाश एवं मुकेश कुमार शामिल रहे।

## खेत में मिला पैंथर का शव, बीमारी से मौत की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



उपखंड क्षेत्र के मानपुरा गांव में शुक्रवार सुबह खेत में पैंथर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

वन विभाग के अनुसार मानपुरा निवासी रामलाल धाकड़ के खेत में घास के बीच पैंथर पड़ा हुआ मिला। खेत पर पहुंचे किसान ने जब काफी देर तक पैंथर के शरीर में कोई हलचल नहीं देखी तो इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची टीम ने पैंथर के शव को बिजौलिया स्थित वन नाके पर लाकर पशु चिकित्सकों से पोस्टमॉर्टम कराया।

मांडलगढ़ फॉरेस्ट रेंजर विमल रैगर ने बताया कि मृत पैंथर नर था और उसकी उम्र करीब 12 वर्ष आंकी गई है। उसके शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। पशु चिकित्सक डॉ. अश्विन तांबी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पैंथर के हार्ट व लंग्स में बीमारी के लक्षण मिले हैं, जिससे उसकी मौत की आशंका जताई जा रही है।

पोस्टमॉर्टम के बाद वन विभाग द्वारा नियमानुसार पैंथर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।मानव तिवाड़ी । उपखंड क्षेत्र के छोटी बिजौलिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।शिविर के दौरान छोटी बिजौलियां की संबंधित भूमि विभाजन प्रकरण में अशोक, कंचन देवी, केशी, नंदकिशोर, पंकी, प्रकाश चंद्र एवं मुकेश द्वारा शिविर प्रभारी को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार ललित डीडवानिया द्वारा दोनों पक्षकारों की सहमति से मौके पर ही राजस्व अभिलेखों का परीक्षण किया गया तथा विधिसम्मत आदेश पारित करते हुए प्रकरण का तत्काल निस्तारण किया गया।

## कोटा में अतिक्रमण हटाने के नाम पर निगम की मनमानी के आरोप

### व्यापारियों का सामान उठाने, मनमाना चालान काटने और पत्रकार से बदसलूकी का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**



शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। रंगपुर रोड व स्टेशन क्षेत्र के व्यापारियों ने नगर निगम के दस्ते पर मनमानी, बिना कारण चालान काटने, दुकानों का सामान उठाने और बदसलूकी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। व्यापारियों का कहना है कि वे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में नहीं हैं, लेकिन जिस तरह से बेवजह दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है, उससे सरकार की छवि खराब हो रही है।

व्यापारियों के अनुसार गुरुवार शाम को नगर निगम के दस्ते ने स्टेशन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान कई दुकानों का सामान जबरन उठा लिया गया, जबकि वह सड़क पर अतिक्रमण की स्थिति में नहीं था। आरोप है कि एक दुकानदार को पहले 5 हजार रुपये का चालान काटने की धमकी दी गई और बाद में 500 रुपये का चालान थमा दिया गया। इतना ही नहीं, ग्राहकों की मोटरसाइकिलें भी जबरन उठाकर ले जाई गईं।

कोटा रेलवे रंगपुर रोड व्यापार संघ से जुड़े हार्डवेयर के व्यापारी सतीश सहित कई व्यापारियों ने निगम पर आरोप लगाया कि जब उन्होंने कार्रवाई का वीडियो बनाना चाहा तो निगम कर्मियों ने उनके मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिए। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है, जिसमें दुकानदार अपने सामान को छुड़ाने की गुहार लगाता नजर आ रहा है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर वीडियो बना रहे भीलवाड़ा फोकस के रिपोर्टर गर्वित से भी निगम दस्ते ने बदसलूकी की और उनका मोबाइल फोन जबरन छीन लिया गया। पत्रकारों के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल प्रेस की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े करता है, बल्कि कार्रवाई की पारदर्शिता पर भी संदेह पैदा करता है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि निगम की कार्रवाई पूरी तरह नियमों के अनुसार और पारदर्शी है, तो फिर वीडियो बनाने से क्यों रोका गया और मोबाइल छीनकर फुटेज क्यों डिलीट की गई। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सीनियर नेशनल रेसलिंग में गोल्ड जीतने वाली अंजलि का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अहमदाबाद में आयोजित सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर राजस्थान और भीलवाड़ा का नाम रोशन करने वाली पहलवान अंजलि का शहर में सम्मान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर वार्ड 13 के पार्षद प्रत्याशी अभिषेक त्रिवेदी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अंजलि के कोच अविनाश प्रजापत भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा की बेटी अंजलि ने फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र की इंटरनेशनल पहलवान स्वाति शिंदे को कड़े संघर्ष में पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में राजस्थान को महिला वर्ग में पहला गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है।

## गौवंश के साथ क्रूरता का आरोप, विहिप-बजरंग दल ने थाने में दी रिपोर्ट



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।**

कस्बे में गौवंश के साथ क्रूरता का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड की ओर से थाना बिजौलिया में तीन युवकों के खिलाफ लिखित रिपोर्ट देकर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

थाने में दी गई शिकायत में बताया गया कि 19 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे गौसेवक भाजपा कार्यालय के पास बीमार गौवंश की तलाश में पहुंचे थे। इस दौरान एक बाड़े में गौवंश के साथ अमानवीय कृत्य किए जाने का आरोप सामने आया। मौके पर मौजूद एक गाय और बछड़े की हालत गंभीर बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गौसेवकों ने तीनों आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।

घटना के बाद से क्षेत्र में गौसेवकों एवं आमजन में भारी रोष व्याप्त है। संगठन की ओर से आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान अभियान के तहत कोठाज पहुंची रथ यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ पारोली ।**



**विनोद शर्मा** राजस्थान में भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ‘बदलता राजस्थान बढ़ता राजस्थान’ अभियान के अंतर्गत रथ यात्रा ग्राम कोठाज पहुंची। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पंचायत प्रशासक गोपाल सिंह ने सरकार की नीतियों को जनहितैषी बताते हुए कहा कि इन योजनाओं से आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने यह भी कहा कि तीन बार सरपंच रहने के अनुभव में भाजपा सरकार के कार्यकाल जैसा विकास पहले कभी देखने को नहीं मिला।

कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रभावशाली जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा विधायक गोपीचंद मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार की योजनाओं पर भरोसा जताया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गालाल धाकड़, उपाध्यक्ष दुर्गेश गुगलिया, विधायक प्रतिनिधि महेश काबरा, कार्यक्रम प्रभारी किशन सिंह राजपूत, जीएसएस अध्यक्ष जयकुमार अजमेरा, दीपक शर्मा, रूपचंद जैन, देवकिशन सुथार सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गौवंश के साथ क्रूरता का आरोप, विहिप-बजरंग दल ने थाने में दी रिपोर्ट



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की भीलवाड़ा जिला इकाई ने शुक्रवार को एक महिला के साथ हुई कथित अपमानजनक घटना को लेकर कड़ा विरोध जताया। पार्टी की ओर से जिला महासचिव मोहम्मद सलीम ने महामहिम राष्ट्रपति एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पद से बर्खास्त करने की मांग की।

इस दौरान एसडीपीआई नेताओं ने कहा कि सार्वजनिक मंच पर एक महिला का हिजाब खींचना उसकी गरिमा और अस्मिता पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद कुछ भाजपा नेताओं और मंत्रियों द्वारा दिए गए बयान और भी अधिक आपत्तिजनक हैं, जिससे पीड़ित महिला का अपमान हुआ है।

पार्टी नेताओं ने राष्ट्रपति और महिला आयोग से मांग की कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उत्तर प्रदेश के संबंधित मंत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसे व्यक्तियों को तत्काल पद से हटाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के निर्देश दिए जाएं।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव शब्बीर कुरैशी, जिला अध्यक्ष इकबाल मंसूरी, वार्ड 49 पार्षद हाजी सलीम अंसारी, एडवोकेट इमरान रंगरेज सहित अब्दुल रज्जाक अंसारी, आजाद जावेद, उमर डबगर, जाकिर हुसैन मंसूरी, आबिद हुसैन शेख व एडवोकेट अहमद रजा शेख मौजूद रहे।

## वक्फ संपत्तियों की त्रुटि सुधार के लिए सीरत सराय में दो दिवसीय शिविर 23 से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर अपलोड करने के दौरान सामने आई खामियों को दुरस्त करने के लिए सीरत सराय चैरिटी ट्रस्ट व इंतजामिया कब्रिस्तान कमेटी की ओर से 23 व 24 दिसंबर को सीरत सराय में दो दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगा।

सीरत सराय के मुख्य प्रबंधक जाकिर हुसैन सिलावट ने बताया कि चेकर व अप्रूवल स्तर पर रिजेक्ट हुई प्रविष्टियों को सही करने तथा शेष वक्फ संपत्तियों को नियमानुसार अपलोड कराने के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ, जयपुर से कनिष्ठ सहायक मोहसिन गौड़ प्रशिक्षण देंगे।

उन्होंने वक्फ संपत्ति प्रबंधकों से अपील की कि वे शिविर में भाग लेकर अपनी संपत्तियों का सही विवरण दर्ज कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।



QUICK BITES

## भीलवाड़ा में भवन निर्माण उपकर वसूली शुरू , 50 नियोजकों को नोटिस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के तहत उपकर (सेस) वसूली को लेकर श्रम विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। उपश्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा शुक्रवार को 50 भवन मालिकों व नियोजकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 400 से अधिक निर्माण स्थलों के मालिकों को नोटिस दिए जा चुके हैं।

उपश्रम आयुक्त ने बताया कि 27 जुलाई 2009 के बाद निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक एवं निजी आवासीय भवनों पर निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर देय है। 10 लाख रुपये से कम लागत के केवल आवासीय भवनों को उपकर से छूट है, जबकि इससे अधिक लागत वाले आवासीय एवं सभी वाणिज्यिक भवन उपकर के दायरे में आते हैं।

निर्माण प्रारंभ की सूचना 30 दिवस में श्रम विभाग को देना तथा निर्माण पूर्ण होने या उपकर निर्धारण के 30 दिवस में उपकर राशि जमा कराना अनिवार्य है। एक वर्ष से अधिक अवधि वाले निर्माण कार्यों में वार्षिक उपकर जमा करना होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 नियोजकों के विरुद्ध एकपक्षीय उपकर निर्धारण आदेश जारी किए जा चुके हैं तथा 42 प्रकरण वसूली की प्रक्रिया में हैं। समय पर उपकर जमा नहीं कराने पर 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज एवं 100 प्रतिशत तक पेनल्टी का प्रावधान है।

श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि नगर परिषद या यूआईटी में नक्शा स्वीकृति के समय जमा की गई अनुमानित उपकर राशि के बावजूद अंतिम उपकर निर्धारण उपश्रम आयुक्त कार्यालय में कराना आवश्यक है।

## जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित, योजनाओं से लाभान्वित हुई महिलाएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नगर निगम सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का सीधा प्रसारण भी किया गया। सम्मेलन में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना, पालनहार योजना एवं माँ योजना (मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना) के तहत महिला लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्थानीय विद्यालयों की बालिकाओं द्वारा रंगोली, मेहन्दी, कुर्सी दौड़ और चम्मच दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अशोक कोठारी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी, जनप्रतिनिधि प्रशान्त मेवाड़ा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला लाभार्थी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में राजस्व प्रकरणों का मौके पर त्वरित समाधान, ग्रामीणों को मिली राहत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



उपखण्ड क्षेत्र में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बन रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, कांस्या में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कई राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई। शिविर में देवी निवास निवासी कंकुबाई पुत्री प्यारा कुम्हार द्वारा राजस्व अभिलेखों में नाम शुद्धिकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। शिविर प्रभारी के निर्देश पर तहसीलदार ललित डीडवानिया , द्वारा त्वरित जांच कर खाते में दर्ज नाम को 'सोसर' के स्थान पर सही नाम 'कंकुबाई' पुत्री प्यारा कुम्हार दर्ज किया गया।

इसी प्रकार, देवी निवास की ही नानी बाई पुत्री प्यारा कुम्हार के आवेदन पर जांच उपरांत खाते में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम 'पुष्पा' के स्थान पर 'नानी बाई' पुत्री प्यारा कुम्हार दर्ज कर संशोधन किया गया।

शिविर के दौरान ग्राम इन्द्रपुरा की खाता संबंधित भूमि विभाजन प्रकरण में कैलाश चन्द्र पुत्र भंवरलाल एवं लीलादेवी पत्नी घनश्याम द्वारा प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार, ने दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही राजस्व अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार आदेश पारित करते हुए प्रकरण का त्वरित एवं विधिसंगत निस्तारण किया। इस दौरान गिरदावर संजय पाराशर सहित कई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाध्यक्ष भैरूलाल आचार्य के सानिध्य में प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में राजस्व विभाग के शिविरों में नक्शा व खसरा सुधार कार्य में लापरवाही, बिजली विभाग द्वारा खराब कृषि ट्रांसफार्मर किसानों से अपने खर्चे पर मंगवाने, कृषि फीडरों की ट्रिपिंग समस्या, कृषि उपकरणों की प्रशासनिक स्वीकृति, कुट्टी मशीन के टारगेट बढ़ाने, सवाईपुर को तहसील का दर्जा देने तथा फसल खराबे के मौसम कोड जारी करने की मांग की गई।

इसके साथ ही घर-घर जल योजना में अनियमितताओं, कृषि मंडियों के सुचारू संचालन, नीलामी चबूतरों को व्यापारियों के कब्जे से मुक्त कराने, सहाड़ा व मांडल क्षेत्रों को आपदा राहत लाभ दिलाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा भुगतान, यूरिया खाद की कालाबाजारी पर जांच, सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में डालने, सहकारी संस्थाओं एफएसएस सिंगोली व सवाईपुर की जांच, नदी जोड़ो योजना, तथा बांध-तालाब व नहरों के रखरखाव की मांग रखी गई। इस दौरान जिला मंत्री लादू लाल जाट, प्रांत विधि प्रमुख भागूलाल गुर्जर, राजस्थान प्रदेश कार्य समिति सदस्य बद्रीलाल जाट सहित किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सवाईपुर में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में समस्याओं का हुआ त्वरित निस्तारण

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम पंचायत सवाईपुर सहित बनकाखेड़ा व रेड़वास के ग्रामीणों एवं लाभार्थियों के लिए ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया । शिविर प्रभारी तहसीलदार श्रीलाल मीणा ने बताया कि शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा पेंशन रिओपन करने की 6 जांचे, एक विवाह प्रमाणपत्र, 20 जन आधार पत्र, 20 जन्म प्रमाण पत्र, पांच पेंशन सत्यापन, पांच जॉब कार्ड । राजस्व विभाग 22 नोटिस तामिल, 11 गिरदावरी एप डाउनलोड, 20 फरवरी एप की जानकारी दी, 7 मूल निवास प्रमाण पत्र, 4 जाति प्रमाण पत्र, 7 मूल निवास पत्र, 4 जाति प्रमाण पत्र, शुद्धिकरण के 7 प्राप्त हुए, दो का निस्तारण,2 आपसी बटवारा । वन विभाग द्वारा 30 पौधे लगाए गए । बाल विकास विभाग में 15 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पंजीकृत, 35 पोषण हेयर की ई केवाईसी, 160 विभाग की योजना की जानकारी दी । नवसृजित ग्राम पंचायत हेतु भवन व भूमि चिन्हीकरण किया । शिविर में 15 बालिकाओं को पेन, पेंसिल एवं पुस्तिकाओं का वितरण कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया । शिविर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्लास्टिक लाओ शक्कर ले जो कार्यक्रम के तहत 11 किलो पॉलिथीन के बदले 11 किलो



शक्कर का वितरण किया गया, स्वच्छता की शपथ दिलाई गई सिंगल यूज पॉलिथीन की जगह कपड़े व कागज के थैले का उपयोग हेतु शपथ दिलाई, सभी को कोटड़ी ब्लॉक को प्लास्टिक मुक्त बनाने की शपथ ली तथा 26 जनवरी 2026 तक प्लास्टिक मुक्त कोटड़ी बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया । इस दौरान पंचायत समिति से दिलीप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी राम प्रताप जाट, जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, बद्री लाल जान भारतीय किसान संघ प्रदेशा उपाध्यक्ष, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बनकाखेड़ा प्रशासक प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश गाडरी, रेड़वास प्रशासक प्रतिनिधि जगन्नाथ बलाई, अमर चंद गाड़री सवाईपुर पूर्व सरपंच, देवराज जाट हिंदू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष, कुलदीप सिंह मंडल उपाध्यक्ष सहित आदि कई मौजूद रहे । शिविर का समापन सकारात्मक वातावरण एवं जनकल्याणकारी संकल्पों के साथ हुआ।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन, ग्रामीण युवाओं ने दिखाया खेल कौशल

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**(दिलखुश)** । लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर के शारदा सभा मंडप में गरिमामय समारोह के साथ हुआ। इस आयोजन ने ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को सामने लाते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का सशक्त संदेश दिया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद सावर के खंड प्रमुख रामलक्ष्मण शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रियंक दाधीच उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन से हुआ, इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रधानाचार्य निरंजन शर्मा ने दिया और प्रतियोगिता प्रतिवेदन शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश जैन ने प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल झांकल ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल और महिला कबड्डी में मेहरू कला, महिला खो-खो में मीनों का नया गांव, पुरुष कबड्डी में पारा, पुरुष खो-खो में धूंधरी और रस्साकशी में सावर टीम विजेता रही। आयोजन की व्यवस्थाओं में शारीरिक शिक्षिका पूजा गुर्जर का योगदान सराहनीय रहा।

# श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस उमड़ा भक्ति का सैलाब

## कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** शहर की मालिनी वाटिका में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही रात्रि के बारह बजे श्रीकृष्ण के प्राकट्य का पावन क्षण आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने झांकियों के दर्शन किए और वातावरण भक्तिमय हो गया।





कृष्ण जन्म के अवसर पर बाल गोपाल की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। श्रद्धालुओं ने माखन-मिश्री का भोग अर्पित किया तथा टॉफियां वितरित कर जन्मोत्सव की बधाइयां दीं। भक्ति संगीत और आरती के साथ मालिनी वाटिका नंदगांव सा प्रतीत होने लगी।

कथा का वाचन मथुरा के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अरुणाचार्य महाराज ने किया। उन्होंने श्रीकृष्ण अवतार की दिव्य कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। श्रीकृष्ण का अवतार भी इसी उद्देश्य से हुआ। कथावाचक ने बालकृष्ण की लीलाओं, पूतना वध, कालिया नाग दमन, गोवर्धन पर्वत धारण तथा गीता के उपदेशों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन मानवता को कर्म, प्रेम और धर्म का मार्ग दिखाता है।

कथा आयोजन के यजमान डॉ. कमलेश पाराशर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कराया। जन्मोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए।

# 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर से बढ़ा आयुष पर भरोसा

## 3000 से अधिक रोगियों का पंजीकरण, 55 सफल ऑपरेशन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** शहर में आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क अंतरंग आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर आयुर्वेद के प्रति बढ़ते विश्वास और जनस्वीकृति का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग, श्री रामनिवास धाम ट्रस्ट एवं भारत विकास परिषद शाखा शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में जटिल रोगों का सफल उपचार किया जा रहा है।




शिविर में अर्श, भगंदर, पाइल्स व फिस्टुला जैसे रोगों का आयुर्वेदिक शल्य पद्धति से निःशुल्क और सुरक्षित उपचार किया जा रहा है। शिविर प्रभारी डॉ. नारायण सिंह ने बताया कि अब तक 3000 से अधिक रोगियों का पंजीकरण हो चुका है, जिनमें से 55 रोगियों के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं।


शुक्रवार को शिविर के चौथे दिन राज्य सरकार से अधिकृत नवग्रह वेलनेस सेंटर के संस्थापक वैद्य हंसराज चोधरी ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भविष्य की चिकित्सा पद्धति है और सरकार के प्रयासों से आमजन का भरोसा आयुष पर लगातार बढ़ रहा है। शिविर की विशेषता यह है कि यहां केवल उपचार ही नहीं, बल्कि क्वाथ वितरण, योगाभ्यास, पंचकर्म चिकित्सा और स्वर्णप्राशन के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. जलदीप पथिक, भाविप अध्यक्ष पवन बांगड़, जयदेव जोशी, संचिना कला संस्थान अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक एवं महासचिव सत्येंद्र मंडेला सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।


# भीलवाड़ा को विकसित जिलों की श्रेणी में लाने के लिए संकल्पित हैं सांसद अग्रवाल

## रेल मंत्रालय की स्थायी समिति में नए रेल जंक्शन की मांग रखी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा को विकसित जिलों की श्रेणी में शामिल करने के संकल्प के साथ सांसद दामोदर अग्रवाल विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को संसद भवन स्थित रेल मंत्रालय की स्थायी समिति की बैठक में सांसद अग्रवाल ने भीलवाड़ा में नए रेल जंक्शन की आवश्यकता को पुरजोर तरीके से उठाया।






सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बैठक में सांसद अग्रवाल ने कहा कि भीलवाड़ा के वर्तमान रेलवे स्टेशन पर लैंड बैंक अत्यंत सीमित है, जिससे तात्कालिक एवं भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति संभव नहीं हो पा रही है। ऐसे में शहर से 5 से 10 किलोमीटर की दूरी पर नए रेलवे जंक्शन के लिए आवश्यक भूमि आरक्षित करने की प्रक्रिया रेलवे विभाग द्वारा शीघ्र प्रारंभ की जानी चाहिए।

सांसद अग्रवाल ने बताया कि भीलवाड़ा एक प्रमुख औद्योगिक नगरी है, जहां वस्त्र उद्योग से जुड़े हजारों लोगों का निरंतर आवागमन रहता है। इसके अलावा उच्च शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं तथा बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए एक आधुनिक एवं विशाल रेलवे जंक्शन की आवश्यकता है, जिससे ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी और देश के विभिन्न जिलों से भीलवाड़ा की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उनके प्रयासों के चलते स्थानीय प्रशासन द्वारा नए रेलवे जंक्शन के लिए कुछ उपयुक्त स्थलों के सुझाव तैयार किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त सांसद अग्रवाल ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे वर्तमान भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर पार्किंग एवं सर्कुलेटिंग एरिया की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने रेलवे परिसर में स्थित पुराने बुकिंग एवं रिजर्वेशन भवन को हटाकर सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# बाणमाता शक्तिपीठ के दानपात्र से निकली साढ़े पाँच लाख से अधिक की राशि, जनवरी में होगी श्रीमद् भागवत कथा

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को दानपात्र खोला गया, जिसमें साढ़े पाँच लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई। साथ ही संस्थान की ओर से जनवरी में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन का निर्णय लिया गया।



श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में खोले गए दानपात्र से कुल 5 लाख 52 हजार 524 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसे मंदिर परिसर के विभिन्न विकास एवं सुविधा कार्यों में खर्च किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शक्तिपीठ पर 22 से 28 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कथावाचन प्रेम नारायण महाराज के मुखारविंद से होगा। कथा आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, महामंत्री अमित जोशी, नंदकिशोर सनाढ्य, कैलाश धाकड़, लादूलाल कुमावत, हीरालाल धाकड़, छीतर सुथार, खाना धाकड़, शम्भू सिंह, व्यवस्थापक प्रमोद धाकड़, केशियर प्रदीप पोरवाल, मुकेश धाकड़, हेमराज कुमावत, लादू सिंह, घीसू सिंह, श्यामलाल धाकड़, लादू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

QUICK BITES

# सड़क सुरक्षा जन जन-जागरूकता अभियान

## वाहन चालक को बाल वाहिनी एवं रोड़ सेफ्टी के नियमों की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान व सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 25 दिसम्बर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है।

जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे जिला परिवहन कार्यालय परिसर में बाल वाहिनियों के वाहन चालक को बाल वाहिनी एवं रोड़ सेफ्टी के नियमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी, रामकृष्ण चौधरी एवं परिवहन निरीक्षक लवलीश टेलर, मनीष कुमार एवं स्टाफ उपस्थित रहे ।

# मेहरूकलां में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को मिला लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**




**(दिलखुश) ।** उपखण्ड अधिकारी सावर के निर्देशन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत मेहरूकलां के अटल सेवा केंद्र पर ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे उपखण्ड अधिकारी डॉ. आस्था शर्मा की अध्यक्षता रही । शिविर में तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. आस्था शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए। शिविर में मांगीलाल पुत्र रामेश्वर रेगर को उनके पुश्तैनी मकान का पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उन्हें वैध मालिकाना हक मिला। विभिन्न विभागों द्वारा बिजली, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, पशुपालन, पेंशन सत्यापन, जन आधार अद्यतन, नामांतकरण, खाता विभाजन, फार्मर रजिस्ट्री, एनएफएसए ई-केवाईसी सहित अनेक सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के समापन पर शिविर प्रभारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लाडपुरा चौराहे पर खंडहर बना हादसों का कारण, ग्रामीणों ने जताया रोष

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**




राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-758 पर लाडपुरा चौराहे के पास सड़क से मात्र लगभग पांच फीट की दूरी पर स्थित एक खंडहर भवन राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस खंडहर के कारण अब तक कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, वहीं आसपास गंदगी के ढेर लगे होने से क्षेत्र में अस्वच्छता फैल रही है।

लाडपुरा चौराहे के दुकानदारों, व्यापारियों एवं ग्रामीणों ने स्थिति पर रोष जताते हुए बताया कि उक्त खंडहर और सड़क किनारे फैली गंदगी से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण नरेश धाकड़, किशन माली, शैलेंद्र नाबेड़ा, मोनू छिपा, जगदीश गुर्जर, गोपाल सोनी, नंदलाल माली सहित अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने मांग की कि खंडहर को हटवाकर सड़क सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए जाएं तथा साफ-सफाई कराई जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

# विंध्यवासिनी शक्तिपीठ संस्थान की बैठक संपन्न, दान पात्र से 96 हजार की राशि प्राप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवाड़ी।** विंध्यवासिनी शक्तिपीठ संस्थान की शुक्रवार को बैठक अध्यक्ष छीतर लाल कुम्हार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संस्थान के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में लगे दान पात्र को खोला गया। कोषाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने बताया कि दान पात्र से 96 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग संस्थान के विकास एवं अन्य आवश्यक कार्यों में किया जाएगा। बैठक में गोपाल मेवाड़ा, बालमुकुंद गौड़, मोहनलाल धाभाई, कैलाश गौड़, मुकेश तिवारी, कपिल सोनी, जीतू, ओम तेली, बाबूलाल नायक, नाथु अहीर सहित संस्थान से जुड़े कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।